हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 30 साल से फरार चल रहे आरोपी को किया ...



07 भारत की आत्मा गांव में बसती है गांव की उन्नति...



## खबर संक्षेप



### बड़ागांव में आज बसंत पंचमी से 40 दिन मनाया जाएगा होली उत्सव

**नलखेड़ा।** आज बसंत पंचमी से 3 मार्च तक बड़ागांव स्थित श्री गोवर्धननाथ जी की हवेली में होली उत्सव मनाया जाएगा। बसन्त पंचमी से 3 मार्च तक ब्रज की होली रहने वाली है इसी प्रकार गोवर्धननाथ जी की हवेली बड़ागाँव में भी होली मनाई जाएगी। ठाकुर जी के साथ प्रतिदिन इत्र गुलाल फुलों से होली खेली जाएगी। प्रतिदिन प्रातः 11 बजे होरी दर्शन होंगे। रात्रि 8 बजे से होली के रसिया का गान शुरू होगा जोकि 40 दिनों तक प्रतिदिन चलेगा। बसंत पंचमी से प्रारम्भ होने वाले होली उत्सव में लट्ठमार होली लट्ठमार होली फूलों की होली और कई रूपों में होली का पर्व मनाया जाता है।

### स्कूलों में आयोजित होगा विशेष भोज

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव के निर्देशानुसार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत जिले के शासकीय स्कूलों में विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी गई है। ये अधिकारी आवंटित स्कूलों में पहुचेंगे और बच्चों के साथ विशेष भोज में शामिल होंगे।

### पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। पेंशनधारक का पूरा डाटा, नियुक्ति दिनांक, पीपीओ नम्बर, आधार नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि जैसी सभी जानकारी उपलब्ध होने के कारण पेंशनधारकों को ऑनलाइन अपडेशन के संबंध में भरोसा दिया जाता है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है। पेंशनर द्वारा गलती से ओटीपी साझा करने पर अपराधी को बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है और पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। उन्होंने कहा है कि पेंशनरों को जागरूक रह कर हमेशा सावधानी बरतने की जरूरत है। पेंशन निदेशालय द्वारा कभी भी किसी पेंशनर का जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल नहीं किया।

### प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे महिला-पुरुष आदिवासी, लगाए जय जौहार के नारे, 3 करोड़ की मांगी सहायता

# 'शिवानी' की मौत पर भड़का आदिवासियों का आक्रोश, कलेक्ट्रेट परिसर में किया धरना प्रदर्शन

बता दें मामला ग्राम सिंहपुर की 22 वर्षीय शिवानी बारेला का है। परिजनों के अनुसार 12 जनवरी को डॉ. रुकमणी गुलहारिया ने शिवानी का नसबंदी ऑपरेशन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





छोटा परिवार-सुखी परिवार का सपना लेकर अस्पताल पहुंची एक आदिवासी मां की सरकारी सिस्टम की लापरवाही ने जान ले ली। भैरुंदा सिविल अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान हुई गंभीर चूक और उसके बाद बरती गई संवेदनहीनता के खिलाफ बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर 'जय जोहार' के नारों से गूंज उठा। भीम आर्मी और सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर उग्र प्रदर्शन कर इसे 'चिकित्सीय हत्या' करार दिया और दोषी डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग की।

बता दें मामला ग्राम सिंहपुर की 22 वर्षीय शिवानी बारेला का है। परिजनों के अनुसार 12 जनवरी को डॉ. रुकमणी गुलहारिया ने शिवानी का नसबंदी ऑपरेशन किया। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान असावधानी से आंत काट दी गई। ऑपरेशन के महज 7 घंटे बाद रात 10 बजे, जब मरीज को निगरानी की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उसे यह कहकर घर भेज दिया गया कि बाकी मरीज चले गए, तुम भी जाओ।

#### आधी रात को भटके परिजन

परिजनों के अनुसार शिवानी को आधी रात को ब्लीडिंग और असहनीय दर्द होने पर वह भटकते रहे।

शिवानी को भोपाल स्थित हमीदिया अस्पताल ले गए, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि कि गलत ऑपरेशन से पेट में संक्रमण फैल चुका है। तीन दिनों तक मौत से जंग लडऩे के बाद 15 जनवरी को शिवानी ने दम तोड़ दिया, जिससे उसके तीन मासूम बच्चे अनाथ हो गए।

#### 2 लाख नहीं, 3 करोड़ चाहिए मुआवजा

बुधवार को प्रदर्शन के दौरान आदिवासी नेताओं ने स्पष्ट किया कि उन्हें सरकारी खैरात नहीं, न्याय चाहिए। शासन की ओर से प्रस्तावित 2 लाख रुपये की सहायता को समाज ने मृतका के बच्चों के भविष्य के साथ भद्दा मजाक बताया।

#### कलेक्टर बोले- तीन दिन में आएगी रिपोर्ट

मीडिया से चर्चा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित की गई है, जिसे 3 दिन के भीतर रिपोर्ट देनी है। कलेक्टर ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि लिहाल 2 लाख रुपये की तात्कालिक सहायता और रेडक्रॉस से मदद की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इधर आदिवासी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि 3 दिन में उनकी मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

#### समाज की प्रमुख मांगें

एफआईआर और बर्खास्तगीः डॉ. रुकमणी गुलहारिया पर गैर-जमानती धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जाए।

मुआवजाः पीड़ित परिवार को 3 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और तीनों बच्चों की उच्च शिक्षा व स्वास्थ्य की लिखित जिम्मेदारी शासन ले।

सरकारी नौकरीः मृतका के आश्रितों को भविष्य में सरकारी नौकरी का आश्वासन दिया जाए।

अस्पताल में सुधारः भैरुंदा अस्पताल को केवल 'नाम' का नहीं, बल्कि सुविधाओं का केंद्र बनाया जाए और 24 घंटे आईसीयू की सुविधा शुरू हो।



## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर निकली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अयोध्या में प्रभु श्री राम की भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर तहसील के ग्राम गुदरावन में विशाल प्रभातफेरी निकाली गई। समापन पर हनुमान मंदिर पर महाआरती की गई।

गुरुवार को ग्राम गुदरावन में अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर विशाल प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ महिलाएं भी शामिल थी जो भजनों पर श्रद्धा भक्ति में झुमते चल रहे थे।

इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया। प्रभातफेरी के समापन अवसर पर हनुमान मंदिर पर महाआरती का आयोजन कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त प्रारंभ हुई प्रभातफेरी ग्राम गुदरावन में प्रतिदिन निकल रही है। प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से प्रभात फेरी निकलती हैं जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल रहते हैं।

### वार्ड क्रमांक 07 के गरीबों को आवासीय पट्टे प्रदान करने की मांग

**नलखेड़ा।** शासन द्वारा मप्र के नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना)के तहत आवेदन आमंत्रित किये गए थे। जिसमें नगर के वार्ड क्रमांक 07 अयोध्या बस्ती के कई गरीबों द्वारा आवेदन दिए गए थे लेकिन उन्हें अपात्र कर शासन की योजना से वंचित किया गया है। जिसे लेकर वार्ड पार्षद द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर गरीबों को पट्टा प्रदान करने की मांग की गई है। गुरुवार को नगर के वार्ड क्रमांक 07 अयोध्या बस्ती की पार्षद अमृताबाई अम्बाराम बैगाना ने कलेक्टर के नाम स्थानीय तहसील कार्यालय में सौपे गए ज्ञापन में बताया कि नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय पट्टों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए थे। वार्ड क्रमांक 07 जोकि अनुसूचित जाति बाहुल्य है एवं गरीब वर्ग निवास करता है। ये वर्षो से शासकीय भूमि पर काबिज होकर निवासरत है। जिनके द्वारा पट्टा प्राप्त करने के लिए आवेदन दिए गए थे। लेकिन पट्टे सर्वेक्षण दल द्वारा इन गरीबों को अपात्र कर दिया गया है। जिसके कारण गरीब वर्ग के लोगों को शासन की योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित होना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि वार्ड के गरीबों की समस्याओं व आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुवे उन्हें पट्टे प्रदान किए जाएं।

### सामाजिक एकजुटता, राष्ट्रहित और सांस्कृतिक संरक्षण पर जोर

## पाल्डिया व पिपलिया सेत में हिंदू सम्मेलन मनाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में नलखेड़ा खंड के सिया मंडल का बल्डी हनुमान मंदिर पाल्डिया में एवं पिपलिया सेत मंडल का देवनारायण मंदिर पर विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुवे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को सिया एवं पिपलिया सेत मंडल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलनों का भारत माता पूजन एवम गौमाता पूजन के साथ शुभारम्भ किया गया। सम्मेलनों में बड़ी संख्या में हिंदू भाई-बहनों की उपस्थिति रही। मंडल सिया के सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में विद्या भारती मालवा प्रांत सदस्य गोविन्द वेदिया मातृ शक्ति वक्ता उर्मिला सोनी संत कथावाचक चतुर्भुज चतुर्वेदी एवं पिपलिया सेत में मुख्य वक्ता जिला धर्म जागरण संयोजक धर्मेंद्र परिहार मातृ शक्ति वक्ता रीना परमार संत ध्रुव व्यास एवं गिरिराज पुरोहित थे। सम्मेलनो को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं ने हिंदू एकता पर बल दिया। सम्मेलन में समाज की सामूहिक शक्ति के प्रकटीकरण पर जोर दिया।

उन्होंने सामाजिक एकजुटता राष्ट्रहित और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। सम्मेलन के दौरान धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। जिससे उपस्थित लोगों में जागरूकता का भाव देखने को मिला। आयोजन स्थल को भगवा ध्वजों और बैनरों से सजाया गया था। जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण दिखाई दे रहा था। अंत में सामूहिक संकल्प एवम भारत माता की आरती पश्चात सहभोज संपन्न हुआ। हिंदू सम्मेलन के दौरान आयोजन समिति द्वारा प्लास्टिक मुक्त भोजन पात्र का उपयोग किया गया।

### आगर-मालवा में युवाओं को खेलों के प्रति जागरुक करने प्रचार प्रसार होगा

## खेलो एमपी यूथ गेम्स टार्च रैली का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश में 12 से 31 जनवरी तक चल रहे खेलो एमपी यूथ गेम्स के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु मध्य प्रदेश में टॉर्च रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और खेलों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। टार्च रैली ने विभिन्न जिलों से भ्रमण करते हुए गुरूवार को आगर-मालवा में पहुंची, जो स्थानीय थाना मैदान से कलेक्टर प्रीति यादव और विनोद कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक,एसडीएम आगर मिलिंद ढोंके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयट, मयंक राजपूत एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी शक्ति राऊत की गरिमामय में प्रारंभ हुई। रैली छावनी नाका, झंडा चौक, गोपाल मंदिर, सरकार वाडा, पुराना अस्पताल होती हुई पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर तक संचालित की गई और वहीं पर रैली का समापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के उद्बोधन के साथ किया गया।



रैली में जिले के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं छात्रावासों के छात्र व अधीक्षक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पवन उचाडिया, रेम सिंह चौहान, सोनू पाटीदार, प्रमोद कारपेंटर, तरूण खमोरा, राहुल प्रजापति, बसंत भाटिया, महेश पाटीदार आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## दिल्ली में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

दिल्ली में आयोजित 12 वीं राष्ट्रीय तांग सु डो (कोरियन कराते) प्रतियोगिता में आगर मालवा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश सहित जिले को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में जिले के कुल 9 खिलाड़ियों ने सहभागिता की और विभिन्न भार वर्गों में पदक हासिल किए। पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी गुरूवार को कलेक्टर प्रीति यादव से मिले।

कलेक्टर ने खिलाड़ियों को जीते हुए मेडल पहनाकर सम्मानित किया और बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई। उल्लेखनीय है कि 12 से 18 जनवरी तक दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय तांग सु डो (कोरियन कराते) प्रतियोगिता में आगर जिले के नलखेड़ा के 05 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इन सभी के द्वारा पदक प्राप्त किये गए साथ ही नगर के दिव्यांश सोनी को अंडर-18 वर्ग में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट फाइटर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। नगर के इन पांचों खिलाड़ियों को भी कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया।

**खबर संक्षेप**

## बसंत पंचमी आज, आश्रम में होंगे धार्मिक आयोजन



**चापडा।** समीप ग्राम गुराडिया कला आश्रम पर बसंत पंचमी पर्व पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 23 जनवरी को बसंत पंचमी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर मां सरस्वती का पूजन हवन होगा। साथ ही आसपास के गांवों के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित होंगे। क्षेत्र का एक मात्र मां सरस्वती मंदिर आश्रम पर बना हुआ है।

## बसंत पंचमी पर भक्त ले सकेंगे बाबा श्याम का पावन अंत वस्त्र



**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर बाबा श्याम के श्रृंगार से पूर्व उतारे जाने वाले अंत वस्त्र का विशेष धार्मिक महत्व है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यह पीले रंग का अंत वस्त्र वर्ष में केवल एक बार, बसंत पंचमी के दिन ही उतारा जाता है। मान्यता है कि इस पावन वस्त्र को प्राप्त करने से भक्तों को संतान सुख, विवाह में आ रही बाधाओं से मुक्ति, व्यापार और नौकरी में उन्नति के साथ-साथ जीवन के सभी दुखों से राहत मिलती है। इसी आस्था के चलते हर वर्ष बड़ी संख्या में श्याम भक्त इस वस्त्र को पाने के लिए कई दिनों से प्रतीक्षा करते हैं। 23 जनवरी बसंत पंचमी के दिन शाम 5 बजे से 7:30 बजे तक पवित्र ज्योत दर्शन के साथ इच्छुक श्याम प्रेमी बाबा श्याम का यह अंत वस्त्र प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

### ऑपरेशन हवालात के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

# 30 साल से फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार, फरियादी को अब मिलेगा न्याय

### फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से 1 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस को "ऑपरेशन हवालात"के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कोतवाली पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए वर्ष 1996 से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद 30 साल पुराने प्रकरण मे फरियादी को अब न्याय मिल सकेगा।

जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा 01 नवम्बर 2024 से सम्पूर्ण जिलें मे "ऑपरेशन हवालात" की शुरूआत की गई है, जिसके अंतर्गत लंबे समय से फरार इनामी बदमाशों की की गिरफ्तारी पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही गंभीर अपराधों मे फरार आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में थाना कोतवाली के द्वारा संबंधी प्रकरण मे अपराध क्रमांक 247/1996 धारा 419,420 भादवि का फरार स्थाई वारंटी आरोपी रमेश शुक्ला पिता बाबूलाल शुक्ला उम्र 55 साल निवासी जनता कॉलोनी बड़ा गणपति इंदौर का लगभग 30 वर्षों से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में



थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचंद्र शर्मा के नेतृत्व में "ऑपरेशन हवालात" के तहत विशेष टीम गठित की गई थी, जो कि मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रत्यनशील थी ।

21 जनवरी को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली फरार स्थाई वारंटी आरोपी को जिला इंदौर में देखा गया है, जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया।

उक्त टीम ने सफलता पूर्वक 30 वर्षों से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। उल्लेखनीय है कि देवास पुलिस द्वारा "ऑपरेशन हवालात" के तहत 1 नवम्बर 2024 से आज दिनांक तक 811 फरार/स्थाई/गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया जा चुका है जिन पर कुल 1,64,500/-रुपए का ईनाम उद्घोषित था।

# नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक की गई आयोजित

### आवेदनों का निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश सरकार द्वारा समस्त विभागों में संचालित योजनाओं और सेवाओं का लाभ ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों में पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में पहुंचाने के उद्देश्य से ₹संकल्प से समाधान अभियान₹ चलाया जा रहा है।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिले की नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक का आयोजन संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी स्मिता रावल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले की नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को वार्डवार शिविर लगाकर हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान निर्देश दिये गये कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर पोर्टल पर नियमित एंट्री भी करें। स्वच्छ जल अभियान अंतर्गत जल स्त्रोत, टंकी, ट्यूबवेल, कुएं एवं फिल्टर प्लांट की नियमित सफाई करें, नगरीय निकाय वार्डों में किट के माध्यम से टेस्टिंग कर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करें। बैठक में निर्देश दिये कि पीएम स्वनिधि अंतर्गत शासन के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करें।

## कलवार घाट पर देर रात बड़ा हादसा, पुलिस ने किया त्वरित रेस्क्यू, ट्रॉला पलटने से फंसे 04 लोगों को सुरक्षित निकाला

**देवास।** 21 जनवरी की देर रात लगभग 03:00 बजे डायल-112 कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्राला जिसमें लोहे की भारी गार्डर/प्लेटें लदी हुई थीं, कलवार घाट पर अनियंत्रित होकर पलट गया है। दुर्घटना में ट्राले के केबिन में चार व्यक्ति बुरी तरह फंस गए हैं। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी के नेतृतव मे पुलिस टीम का गठन कर मौके पर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों के सहयोग एवं उपलब्ध संसाधनों की सहायता से तत्काल रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया। कड़ी मशक्कत के पश्चात ट्राले में फंसे चारों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालकर डायल-112 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कन्नौद पहुंचाया गया, जहाँ चिकित्सकों की टीम द्वारा घायलों का तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया। घायल गोविन्द पिता रामौतार निवासी पानी की टंकी के पास हरदा से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि उसका छोटा भाई कान्हा उर्फ सुनील विगत सात माह से लापता था, जिसकी तलाश में वह अपने भाई अनिल के साथ इंदौर गया था। भाई के मिलने के पश्चात तीनों इंदौर से हरदा लौट रहे थे। रास्ते में हरदा जाने हेतु उक्त ट्राले में लिफ्ट लेकर बैठे थे। इसी दौरान रात्रि लगभग 03:00 बजे वाहन चालक की लापरवाही के कारण कलवार घाट पर ट्राले का संतुलन बिगड़ गया और ट्राला पलट गया। ट्राले में लदी भारी लोहे की प्लेटें केबिन से टकराकर उनके ऊपर गिर गईं, जिससे गोविन्द,अनिल, कान्हा उर्फ सुनील एवं चालक मनीष घायल होकर वाहन में फंस गए।दुर्घटना में वाहन चालक मनीष पिता रामलाल निवासी शिकुरवा जिला सीधी के सिर में गंभीर चोट लगने से सीएचसी कन्नौद में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं घायल गोविन्द, अनिल एवं कान्हा उर्फ सुनील को प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर उपचार हेतु इंदौर रेफर किया गया। उक्त रेस्क्यू कार्य में निरीक्षक तहजीब काजी,सउनि गणेश विश्नोई,मोहनलाल पंवार,आरक्षक महेश पोरवाल,राजेंद्र सिंह,देवेंद्र सिंह,गौरव पटेल,शैलेन्द्र करमोदिया तथा डायल-112 पायलट वीरेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## वन विभाग की टीम ने पकडी पंचमेल काष्ठ



**देवास।** वन विभाग की उड़न दस्ता टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर भोपाल इंदौर बायपास देवास से एक आयशर वाहन क्रमांक एमपी 13 जीबी 2694 को रोककर चेक किया गया उसमें पंचमेल काष्ठ भरी थी, दस्तावेज मांगने पर वेध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर वन विभाग द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध किया। कार्यवाही में वनमंडलाधिकारी अमित सिंह चौहान व वन परिक्षेत्र अधिकारी देवास राजेश चौहान के निर्देशन में प्रभारी उड़न दस्ता रेस्क्यू हेमराज गोखलेकर,राजेश चौहान, महेंद्र पंवार, दिनेश चौधरी, अंकित मंडलोई, मनीष परमार का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी हेमराज गोखले ने दी।

# नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के कार्यों की आयुक्त ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अन्तर्गत निकाय स्तर पर तैयार किए गए एक्शन प्लान 2024-25 के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आयुक्त दलीप कुमार द्वारा निगम बैठक हाल मे बैठक आहूत की गई। आयुक्त ने इस प्रोग्राम के अन्तर्गत प्रतिदिन मशीनों के माध्यम से सफाई करवाई जाने, लंबित सडक निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने, औद्योगिक संचालकों को क्लीन फ्यूल मे परिवर्तन करने हेतु निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कचरे के संग्रहण के साथ साथ उसका प्रबंधन हो, रोड डिवाइडर मे लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखने हेतु उनके आसपास जालियां लगाई जाने के भी निर्देश दिए।

# पालीवाल महाजन समाज की नवीन कार्यकारिणी घोषित, रूपचंद गुप्ता अध्यक्ष बने, दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पालीवाल महाजन समाज देवास की बैठक में समाज की नवीन कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। इस अवसर पर रूपचंद गुप्ता को समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। घोषित कार्यकारिणी में सलाहकार रमेशचंद पालीवाल, अध्यक्ष रूपचंद गुप्ता, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र पालीवाल, सचिव दिलीप पालीवाल, कोषाध्यक्ष गोपाल पालीवाल, सह-सचिव मोहन पालीवाल, कार्यकारिणी सदस्यः मोहन पालीवाल, अभय पालीवाल, अजय पालीवाल को मनोनीत किया। कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात समाज के वरिष्ठ सदस्य रमेशचंद्र पालीवाल द्वारा नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।



उन्होंने अपने संबोधन में समाज की एकता, आपसी सहयोग एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। नवनियुक्त अध्यक्ष रूपचंद गुप्ता ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के सर्वांगीण विकास, युवाओं की सक्रिय सहभागिता तथा सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर महेश पालीवाल, मुकेश पालीवाल, राजेन्द्र पालीवाल, विकास पालीवाल, शशांक पालीवाल सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# टाटा इंटरनेशनल मुंबई 42 किलोमीटर मैराथन में देवास हिंद फौज सैनिकों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

18 जनवरी को मुंबई में आयोजित देश की सबसे बड़ी टाटा इंटरनेशनल मुंबई 42 किलोमीटर फुल मैराथन में देवास जिले के हिन्द फौज सैनिकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतिष्ठित मैराथन में सैनिक अजय व्यास ने 5 घंटे 29 मिनट तथा रिजवान कौशल ने 5 घंटे 9 मिनट में 42 किलोमीटर की मैराथन पूरी कर फिनिशर मेडल हासिल किया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।



दोनों सैनिकों की इस सफलता पर देवास जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी सेना गडरिया, देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव अनिल श्रीवास्तव, देवास जिला पैरा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष चंद्रकांत जगताप सहित अनेक खेल संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं ने उन्हें बधाई दी। हिन्द फौज के संचालक कुमेर सिंह वर्मा सहित सुरेश शर्मा, दीपिका बोरीवाल, सृजनिका लोखंडे, मेघना पुरोहित, ताषिन शेख, ललित द्विवेदी, महेन्द्र सेंधव, दरबार, शुभम सोनी, सीमा गिरी, विकास गिरी, श्रीजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, चंद्रशेखर तिवारी, मोना तिवारी, खुशबू पैगनिस, अश्विन पैगनिस, सुमित गिरी, पंकज जायसवाल, सोहन सिंह दरबार, पुनित गिरी सहित सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। संचालन हिंद फौज सैनिक रीना पटेल ने किया।

### भव्य कलश यात्रा के साथ हुई शरुआत, खंड स्तरीय विराट हिंदू सम्मेलन हुआ आयोजित

# हनुमान जी की झांकी श्रद्धालुओं के लिए रही आकर्षण का केंद्र





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

संघ के शताब्दी वर्ष के तहत गुरुवार को चापड़ा में खंड स्तरीय विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत नगर में निकाली गई विशाल कलश यात्रा से हुई।

कलश यात्रा श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में प्रभु श्रीराम की भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे श्रद्धा भाव से सम्मिलित हुए।कलश यात्रा में सरस्वती शिशु विद्यालय एवं किड्स पैलेस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। वहीं हनुमान जी की भव्य झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।विराट हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में देवकृष्ण व्यास, आचार्य कनिष्ठ द्विवेदी एवं कथा वाचक शिवानी किशोरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन के साथ किया गया। अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों एवं दुर्गा वाहिनी कमलापुर की सदस्यों द्वारा देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान नगर के अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे।कथा वाचक शिवानी किशोरी ने पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, पारिवारिक एकता और माताओं की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों में संस्कार मां से आते हैं, इसलिए माताओं को अपने बच्चों को संस्कारित बनाना चाहिए।आचार्य कनिष्ठ द्विवेदी ने जाति-पाति से ऊपर उठकर सकल हिन्दू समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया।

देवकृष्ण व्यास ने संघ के 100 वर्षों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ की शुरुआत सात लोगों से हुई थी और आज यह लाखों स्वयंसेवकों का संगठन बन चुका है। उन्होंने कहा कि सनातन न कभी खतरे में था, न है और न रहेगा। सम्मेलन के दौरान दानदाताओं के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सकल हिन्दू समाज ने एक पंगत में बैठकर भोजन किया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

अंत में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन के उपलक्ष्य में संध्या प्रभात फेरी एवं श्रीराम मंदिर पर महाआरती का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र सिंह सेंधव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सह संयोजक रामनारायण यादव ने किया।

# पिता की स्मृति में मंदिर और धर्मशाला निर्माण के लिए राशि दी दान



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर निवासी दिनेश यादव द्वारा अपने पिता की 13 वीं के कार्यक्रम में गुरुवार को स्व. बाबूलाल यादव की स्मृति में मंदिर एवं धर्मशालाओं में सहयोग के तौर पर राशि दान की।

स्व. बाबूलाल यादव के भाई सिद्धनाथ यादव एवं पुत्र दिनेश यादव की उपस्थिति में श्री गणेश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम के लिए10100 रूपये की राशि यादव समाज धर्मशाला उज्जैन एवं नेमावर ,चापडा की धर्मशाला में 1000- 1000 रू की नगद राशि दान स्वरूप की गई है। इस दौरान रूपकेलाश यादव, रमेश यादव, पप्पू यादव, शंकर यादव, गोविंद, सुरेश सहित परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। श्री गणेश प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव आयोजित समिति के सदस्यों को नगद राशि भेंट की गई। इसमें नाथूसिंह सेंधव, रवि पाटीदार,किशोर यादव, गणेश पटेल ,विकास त्रिवेदी सहित समिति के सदस्य का उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### महिला ने पड़ोसियों से जानमाल का खतरा बताया

**ललितपुर।** सदर चौकी अंतर्गत मोहल्ला रावतयाना में बड़ी देवी मंदिर के पास रहने वाली बेनीबाई पत्नी हल्के ने पुलिस अधीक्षक व महिला थाना पुलिस को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि विगत दिवस पड़ौस में रहने वाले कुछ लोग एकराय होकर आये और उससे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट पर आमादा हो गये। 22 जनवरी को सुबह करीब 6 बजे उक्त लोगों ने उसके घर आकर गालियां दीं और मना करने पर मारपीट पर आमादा हो गये और उसके परिजनों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने जानमाल का खतरा बताते हुये कार्रवाई की गुहार लगायी है।

### शादी के दस वर्ष बाद भी पति मांगता है दहेज

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम पनारी में रहने वाली रामदेवी ने कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। रामदेवी के अनुसार उसकी शादी 10 वर्ष पहले राहुल पुत्र धनीराम के साथ हुयी थी। आरोप है कि राहुल आये दिन उसे किसी न किसी बात को लेकर परेशान करते हुये दहेज की मांग करता है और विरोध करने पर मारपीट की जाती है। इसके अलावा उसके सास-ससुर बचाव करने आते हैं तो पति उनके साथ भी गालियां देते हुये मारपीट करने लगता है। मायके पक्ष द्वारा भी राहुल को समझाने के बावजूद भी वह विवाद करता है। मारपीट से तंग आकर वह अपने मायके ग्राम रोंडा आती तो वह प्रधान के साथ मिलकर उसे जबरन वापस ले जाता। आरोप है कि 17 जनवरीको अपराह्न 12 बजे से उसका पति फिर विवाद करते हुये उसके साथ मारपीट कर रहा है। अब उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

### युवक ने दादा के साथ बाइक सवार को पीटा

**ललितपुर।** मोहल्ला करमाबाई नगर में रहने वाले आशाराम पुत्र रामकिशन ने सदर चौकी इंचार्ज को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 18 जनवरी की रात करीब 10 बजे उसका पुत्र आकाश नई बस्ती में तेरई करके अपने घर लौट रहा था। तभी तालाबपुरा के पास लकी नाम का युवक अपने दादा जिसका नाम गोलबानी निवासी डोंडाघाट बताया गया है ने उसे रोक लिया और उससे अपनी मोटर साइकिल से स्टेशन के पास कलारी के पास छोडऩे की बात कहने लगा। जब उसने कलारी के पास छोडऩे को मना किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस घटना को राहगीरों ने देखा और उसके पुत्र को घायलावस्था में घर तक पहुंचाया। परिजनों ने पुत्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने आकाश को सिर में 12 टांके लगाते हुये झांसी मेडीकल कॉलेज में रेफर कर दिया। आरोप है कि मारपीट के बाद उक्त लोगों ने उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ललितपुर।** महानगर झांसी के थाना बबीना अंतर्गत ग्राम सरवां निवासी अर्जुन सिंह पुत्र कल्यान सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 18 जनवरी को उसका भाई शिशपाल सिंह अपनी मोटर साइकिल नम्बर एम.पी.32 जेड.सी. 1380 से ललितुपर से वापस गांव लौट रहा था। शाम करीब 4 बजे तेरई फाटक के पास ग्राम रानीकोडर के पास पीछे से आ रही बस नम्बर यू.पी.93 ए.टी. 1835 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई घायल हो गया। उसके भाई को एम्ब्युलेंस के जरिए तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अब उसके भाई का उपचार झांसी में चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## उन्नत भारत अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की

# भारत की आत्मा गांव में बसती है गांव की उन्नति देश का विकास है: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष एवं उन्नत भारत अभियान के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर संजीव कुमार शर्मा महिला महाविद्यालय पनारी के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सूर्यनाथ यादव जी, पहलवान गुरुदीन ग्रुप आफ कॉलेज के प्रबंध निर्देशक डॉक्टर सौरव यादव, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुफिया ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण कर के कार्यक्रम एक दिवस कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उन्नत भारत के वालंटियर/ एनएसएस/ एनसीसी/ रॉबर्स रेंजर्स एवं अन्य पाठ्यक्रम में अध्यनरत छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

नेहरू महाविद्यालय ललितपुर के मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष एवं उन्नत भारत अभियान के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि गाँव का पैसा गाँव में, गाँव की प्रतिभा गाँव के लिए हमें गाँवों को शहरों पर निर्भर रहने के बजाय, उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से इतना सशक्त बनाना है कि शहर उनकी ओर प्रेरणा के लिए देखें। शिक्षा का असली उद्देश्य केवल डिग्रियां बांटना नहीं, बल्कि उस ज्ञान का उपयोग समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के लिए करना है। उन्नत भारत अभियान इसी दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सूर्यनाथ यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत गांव का देश है गांव के विकास से भारत का विकास जुड़ा हुआ है। भारत की आत्मा गाँवों में बसती है। यदि गाँव नष्ट होते हैं, तो भारत भी नष्ट हो जाएगा। उन्नत भारत अभियान का लक्ष्य केवल बुनियादी ढाँचा खड़ा करना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्ञान और संसाधनों का ऐसा सेतु बनाना है जिससे गाँव आत्मनिर्भर बन सकें।

ग्रुप आफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉक्टर सौरव यादव ने अपने संबोधन में छात्राओं को बताया कि₹उन्नत भारत अभियान और ग्रामीण विकास ₹का अर्थ साफ है कि गांव का विकाश महात्मा गांधी ने कहा था, ₹भारत का भविष्य शहरों में नहीं, बल्कि गाँवों में बसता है।₹ लेकिन आज के दौर में सवाल यह है कि क्या हमारे गाँव उस भविष्य के लिए तैयार हैं? उन्नत भारत अभियान इसी सवाल का जवाब है। यह अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह उच्च शिक्षण संस्थानों और गाँवों के बीच की दूरी को मिटाने वाला एक 'ज्ञान सेतु हैं। असली विकास वह नहीं है जो ऊँची इमारतों से झलकता है, बल्कि वह है जो एक किसान के खेत में नई तकनीक बनकर पहुँचता है। विकास वह है जहाँ गाँव के बच्चे को अच्छी शिक्षा के लिए पलायन न करना पड़े और जहाँ शुद्ध पेयजल और बिजली हर घर का अधिकार हो। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सूफिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य है कि हमारे देश के बुद्धिजीवी, इंजीनियर और शोधकर्ता एयर-कंडीशंड कमरों से निकलकर खेतों की पगडंडियों पर चलें। जब एक छात्र गाँव की धूल और धूप में बैठकर वहाँ की समस्याओं को समझता है, तभी वह ऐसे 'नवाचार' (कल्लल्लङ्क५ ्रङ्कल्ल) कर सकता है जो जमीन से जुड़े हों।जब गाँव का युवा स्वाभिमानी होगा, जब गाँव की महिला सशक्त होगी और जब गाँव की मिट्टी सोना उगलेगी, तभी हमारा देश सही मायनों में 'विश्वगुरु' कहलाएगा।

आइए, हम सब मिलकर इस अभियान का हिस्सा बनें और एक ऐसे भारत का निर्माण करें जहाँ शहर और गाँव कंधे से कंधा मिलाकर प्रगति की राह पर चलें। इस दौरान कार्यक्रम में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी/ एनएसएस प्रथम इकाई अधिकारी कैप्टन डॉ.वंदना,असि.प्रो. प्रकाश खरे, असि. प्रो. प्रीति शुक्ला, बी.एड. विभागाध्यक्ष असि.प्रो. रत्ना याज्ञिक, एनएसएस द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी असि. प्रो. साधना नागल, असि. प्रो.रंजना श्रीवास्तव, असि. प्रो. सुषमा पटेल, असि. प्रो. आरती बुंदेला, रजनी यादव,श्री राघवेंद्र सिंह, मुस्ताक खान, दीपेंद्र यादव, गेंदा, मालती राज, नेहा अहिरवार, श्रीमती विमला, राम सहाय, परमानंद एवं समस्त छात्राएं मौजूद रहीं।

## कॅरियर काउंसिलिंग भी की

# कैंपस रोजगार मेले में 113 अभ्यर्थियों का चयन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय पॉलीटेक्निक, ललितपुर में एक दिवसीय कैम्पस रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अनुज कुमार गुप्ता, टीपीओ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा कैम्पस रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों को प्रतिभागी कम्पनियों के सभी नियोजकों से परिचय कराया। कैम्पस रोजगार मेले के साथ ही कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल एवं सेवायोजन पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गयी। काउन्सलर डा प्रियम्बदा सुड़ेले द्वारा अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु डिप्लोमा उत्तीर्ण के बाद रोजगार के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया एवं कैम्पस रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे सभी अभ्यर्थियों को जनपद के बाहर की कम्पनियों में उनकी योग्यता अनुसार रोजगार पाने हेतु प्रेरित किया।

कैम्पस रोजगार मेले में कुल 5 कम्पनियों के नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें राजकीय पॉलीटेक्निक, ललितपुर एवं राजकीय पॉलीटेक्निक, तालबेहट के कुल 204 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिया गया। साक्षात्कार उपरान्त कुल 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रधानाचार्य श्री विवेक मेहरोत्रा द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके शिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय पॉलीटेक्निक के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भौंरट बांध परियोजना में अधिग्रहीत भूमि के मुआवजा की मांग, ग्रामीणों की जल संसाधन मंत्री से गुहार



**ललितपुर।** तहसील महरौनी के ग्राम छपरट के दर्जनों विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों ने कृषि भूमि, आवासीय मकानों, ट्यूबबेल, हैंडपम्प, फलदार, इमारती पेड़ों और बगीचों का अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। घरों का मुआवजा नहीं मिलने से लोग अपने घर नहीं बना पा रहे हैं। पुराने मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं जब विभागीय अधिकारियों से मांग की जाती तो टालमटोल कर प्रभावितों को टरका दिया जाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उन्हें 2022-23 में बड़े हुए सर्कल मूल्य डूब क्षेत्र में लागू किए जाने की मांग करते हुए कहा कि जिले में कृषि भूमि 15 लाख रुपए प्रति एकड़ चल रहा है। जबकि उन्हें 8 लाख रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उनको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। उन्होंने मंत्री से शीघ्र और उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। मांग करने वालों में जगदीश सिंह ने किया, उनके साथ काशीराम, मानकदास, गज्जू, रामकली, बड़ी बहू, प्रीतम, चंद्रभान, अमान, ज्ञासीराम, मानकुंवर, जखौरा बाई, बड़ी बहू, गुडडी बाई, कामता प्रसाद, राजकुमार, जानकी, घंसू, भगवत आदि रहे।

# आज जनपद में होगा ब्लैक आउट व सायरन गूंजेगा, हवाई हमले की मॉकड्रिल की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में 23 जनवरी को जनपद में ब्लैक आउट व हवाई हमले की मॉक ड्रिल का आयोजन सायं 6 बजे से 6:10 बजे तक किया जा रहा है, इस दौरान जनपद में ब्लैकआउट किया जाएगा और सभी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बाधित कर दी जाएगी, हवाई हमले की चेतावनी हेतु 2 मिनट तक ऊँची नीची आवाज में सायरन बजाया जाएगा, जिसके अंतर्गत नागरिकों को जमीन पर लेट कर शरण लेनी होगी और हवाई हमला समाप्त होते ही सायरन के माध्यम से ऑल क्लियर ध्वनि प्रवाहित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यह केवल एक सुरक्षात्मक एक्सरसाइज है, इससे चिन्तित होने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने ब्लैक आउट की स्थिति में आमजन को बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए बताया गया किएअर रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक अपने सुरक्षित स्थान पर शरण लें। अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करें। नागरिक सुरक्षा स्वंयसेवको व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें। मॉकड्रिल को गम्भीरता से लें ताकि आपातकाल की स्थिति में जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। घबरायें नही। बच्चों एवं पूरे परिवार को जागरूक करे। मोबाइल या रेडियों पर सरकारी एलर्ट सुने। सुरक्षित शरण स्थल एवं बंकर की जानकारी लें। अपने घर में मजबूत बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखें। शरण स्थल तक जल्दी से पहुँचने का रास्ता पहले से तय करें। जरूरी वस्तुऐं तैयार रखें। जैसे पीने का पानी कम से कम तीन दिन का। सुखा भोजन (बिस्किट ड्राई फूड आदि)। प्राथमिक चिकित्सा किट, टार्च एवं एक्स्ट्रा सेल रखें। जरूरी दस्तावेज जैसे आईडी, मेडिकल रिपोर्ट आदि सुरक्षित रखें। खिड़कियों पर मोटे पर्दे काले कागज लगायें। शीशे से दूर रहे, जमीन पर लेट जायें। हवाई हमले के बाद बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिलें। घायल हों तो प्राथमिक उपचार करें। संदिग्ध बस्तु या बम दिखें तो छूये नही पुलिस को सूचित करें। यदि रोड पर हों तो वाहन किनारे खड़ी कर वाहन की लाईट आफ कर दें। समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। घबरायें नही। टैफिक नियमों और आपदा प्रबन्धन कर्मियां/पुलिस के निर्देशों का पालन करें। यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है। इसलिए इसे गम्भीरता से लें और सहयोग करे। हवाई हमले का रेड सिग्नल 2 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में सायरन बजाया जाता है तथा खतरा टलने की सूचना 02 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज मे बजाकर दी जाती है।

# देवरान में प्रेमी युगल फांसी पर लटका



**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवरान में गुरूवार की सुबह प्रेमी युगल का शव पेड़ से लटका मिला है। जानकारी के अनुसार, दोनों पिछले तीन दिनों से लापता बताए जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना देवरान गांव के पास एक महुआ के पेड़ की बताई जा रही है, जहां ग्रामीणों ने दोनों के शव देखे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। लड़की के पिता ने बताया कि उनकी बेटी 19 जनवरी 2026 की रात लगभग 11 बजे से लापता थी। परिजनों द्वारा तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों का कहना है कि वह पहले भी बहला-फुसलाकर ले गया था, जिस संबंध में बार थाने में पहले से एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। उस मामले में एक अन्य व्यक्ति का नाम भी सामने आया था। उमा के लापता होने की सूचना डायल 112 पर भी दी गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने ससुरालियों पर गर्भावस्था में घर से निकालने का आरोप लगाया



**ललितपुर।** चौकाबाग निवासी लक्ष्मी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि 11 साल पहले उसकी शादी विशाल से हुयी थी। शादी के बाद से पति समेत अन्य ससुरालियों द्वारा उसे किसी न किसी बात को लेकर प्रताड़ित किया गया। आरोप है कि दो-तीन वर्ष पहले ससुरालियों ने उसे गालियां देते हुये घर से निकाल दिया था, जिसके पहले वह गर्भवती भी थी। मामले को लेकर कोतवाली समेत कई आलाधिकारियों को शिकायती पत्र दिया, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। पीड़िता ने मामले का संज्ञान लेते हुये डीएम से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# पति की मृत्यु के बाद पुत्र के नाम की संपत्ति दिलाने की मांग



**ललितपुर।** पति की मृत्यु उपरान्त महिला अपने पुत्र के हिस्से की सम्पत्ति प्राप्त करने के लिए मुख्यालय पहुंची। यहां थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौदिया निवासी मनीषा ने डीएम को पत्र भेजकर बताया कि चार वर्ष पहले उसकी शादी स्व. शिवेन्द्र कुर्मी पुत्र बद्रीप्रसाद के साथ हुयी थी। शादी के बाद उसके पति की बीमारी के चलते वर्ष 2023 में मत्यु हो गयी। शादी के बाद उसे एक पुत्र आदित्य की प्राप्ति हुयी थी।

आरोप है कि वह अपने पुत्र के आश्रित होकर ससुराल में ही निवासरत है। अब उसके ससुर बद्रीप्रसाद पुत्र रमेश प्रसाद ने बीती 11 दिसम्बर को अपने छोटे पुत्र अनुज के नाम से रजिस्टर्ड दान पत्र कर दिया है और उसके साथ मारपीट करते हुये उसके जेवरात इत्यादि छीनकर भगा दिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता ने बीती 2 जनवरी को एक शिकायती पत्र एसपी व थाना बालाबेहट में दिया था, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। पीड़िता ने डीएम से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## ओबीसी महासभा ने ज्ञापन दिया

# जाखलौन मार्ग पर जानवरों के कारण दुर्घटनाएं होती

**ललितपुर।** मुख्यालय से जाखलौन होते हुये देवगढ़ के पर्यटन स्थलों को जोडऩे वाली मुख्य सड़क किनारे पडऩे वाले ग्रामीण अंचलों में सड़क किनारे जानवरों को बांधे जाने और आये दिन हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं को प्रभावी तरीके से रोके जाने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है।

बताया कि देवगढ़ जाने वाले रास्ते पर महेशपुरा, ककरूआ, खिरिया, बम्हौरीकलां, पिपरिया, जीरोंन, आलापुर, ऐरा, जाखलौन के अलावा अन्य ग्रामीण अंचल हैं। यहां लोगों द्वारा अवैध तरीके से सरकारी मुख्य मार्ग पर कब्जा कर जानवरों को बांध रखा है, जिसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं हैं और कई लोग काल कवलित हो चुके हैं।

आरोप है कि जानवर बांधने की आड़ में सरकारी जमीन पर वर्षों से अवैध कब्जा जमाये लोगों की शिकायत समय-समय पर आलाधिकारियों से की गयी, लेकिन कार्यवाही न होने से इनके हौंसले बुलंद हैं। ओबीसी महासभा ने डीएम से मामले की जांच करायी जाकर ठोस कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय देवसिंह राजपूत, आनन्द सिंह, रंजना, आजाद सिंह, ऊदल सिंह, अनुराग के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

## असम में बुंदेलखंड की धमक, राज्यपाल ने सराही ललितपुर की कला

# शिल्पग्राम महोत्सव 2026 में भारत की विविध संस्कृतियों का संगम




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक राजधानी गुवाहाटी के पंजाबाड़ी स्थित एन.ई.जेड.सी.सी. शिल्पग्राम में आयोजित शिल्पग्राम महोत्सव 2026 में भारत की विविध संस्कृतियों का अद्भुत संगम देखने को मिला। एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को साकार करते हुए आयोजित भव्य कार्यक्रम कलर्स ऑफ इंडिया में ललितपुर के मोहिनी ग्रुप ने बुंदेली संस्कृति की ऐसी शानदार प्रस्तुति दी कि दर्शक दीर्घा में मौजूद गणमान्य अतिथि भी झूम उठे। राज्यपाल ने बढ़ाया। कलाकारों का उत्साह कार्यक्रम में मणिपुर एवं नागालैंड के अजय कुमार भल्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल ने पूरी प्रस्तुति का आनंद, भारत की एकता को दर्शाते इन सांस्कृतिक रंगों की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने ललितपुर के मोहिनी ग्रुप सहित अन्य कलाकारों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि बुंदेलखंड की माटी की यह कला और ऊर्जा राष्ट्रीय एकता की प्रतीक है।

### बुंदेली लोक नृत्य और गीतों ने बांधा समां

ललितपुर से आए मोहिनी ग्रुप के कलाकारों ने बुंदेलखंड के पारंपरिक लोक नृत्यों व लोकगीतों की जीवंत प्रस्तुति दी। रंग-बिरंगी बुंदेली वेशभूषा और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जब कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, तो पूरा शिल्पग्राम परिसर तालियों की गडवाड़ाहट से गूंज उठा। इस प्रस्तुति ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक विरासत को पूर्वोत्तर के मंच पर गर्व के साथ स्थापित किया।

### कुशल निर्देशन और भव्य आयोजन

इस वृहद कोरियोग्राफिक प्रस्तुति का निर्देशन संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता और एन.ई.जेड.सी.सी. दीमापुर निदेशक डा.प्रसन्न गोगोई ने किया। कार्यक्रम में शास्त्रीय, लोक और जनजातीय नृत्यों को एक सूत्र में पिरोया गया था। मोहिनी ग्रुप के जितेंद्र कुमार की अगुवाई में इन कलाकारों ने 18 से 20 जनवरी 2026 तक गुवाहाटी में रहकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें मोहिनी, रितिका, दीपिका, स्वाति, स्मृति, कशिश, करन, जीवन, बलराम आदि कलाकार शामिल थे।

## रामगंजमंडी-भोपाल रेलवे लाइन के तहत किया जा रहा है ब्रिज का निर्माण

# नेवज नदी पर पूर्णता की ओर 38 पिलर पर खड़ा 1.2 किमी लंबा पुल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बहुप्रतीक्षित भोपाल-रामगंजमंडी रेल लाईन का काम क्षेत्र में तीव्र गति से चल है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फास्ट टेक प्रोजेक्ट में शामिल इस रेल परियोजना के तहत राजगढ़ की जीवनदायिनी नेवज नदी पर बने रहे पश्चिम मध्य रेलवे के सबसे बड़े ब्रिज का निर्माण भी लगभग पूर्णता की ओर है।

1.2 किलोमीटर लंबाई वाले इस ब्रिज का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि इसी मार्च-2026 के अंत तक ब्रिज रेलवे के हैंडओवर कर दिया जाएगा जिसके उपरान्त पटरी बिछाने सहित अन्य कार्य आरंभ होंगे। आपको बता दें कि करीब 3 वर्ष पहले इस पुल का निर्माण कार्य आरंभ हुआ था। शुरूआती महीनों में काम अलबत्ता कछुआ गति से रेंग रहा था लेकिन बाद में कंपनी ने कार्य की गति बढ़ाई और यह ब्रिज आगामी दिनों में कम्प्लीट हो जाएगा। पहले पिलर से आखिरी पिलर तक यूं इस ब्रिज की लंबाई 1.2 किमी है लेकिन अगर एप्रोच इत्यादि का जिक्र करें तो ब्रिज की कुल लंबाई 1.45 किमी के लगभग है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस ब्रिज के निर्माण की पूर्णता अवधि अगस्त-2024 निर्धारित की गई थी जो अब जाकर तैयार हुआ है।

### 38 पिलरों पर खड़ा है यह भव्यतम ब्रिज

रेलवे मंत्रालय द्वारा इस विशाल ब्रिज के निर्माण का ठेका कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मेसर्स राही इन्फ्राटेक लिमिटेड कंपनी को सौंपा गया था। कंपनी ने 38 पिलर पर इस ब्रिज को खड़ा किया है। एक ही पिलर की ऊंचाई भूतल से करीब 40 मीटर के करीब है।

### अन्य स्थानों पर भी बने रहे छोटे-बड़े पुल

करीब 276 किमी लंबाई वाली भोपाल-रामगंजमंडी रेल परियोजना के तहत इस ब्रिज के साथ ही विभिन्न स्थानों पर करीब 25 छोटे-बड़े अन्य ब्रिजों का निर्माण भी करवाया जा रहा है जिनके निर्माण का ठेका रेलवे ने ब्रिज कन्सट्रक्शन से जुड़ी अन्य एजेंसियों को सौंप रखा है। यह पुल न केवल इस परियोजना बल्कि पश्चिम मध्य-रेलवे का भी सबसे बड़ा पुल बताया जा रहा है।

### फैक्ट फाइल

- **परियोजना का नाम:** भोपाल-रामगंज मंडी रेलवे लाईन
- **ब्रिज की लागत:** 131 करोड़ 11 लाख
- **कौन बना रहा:** मे. राही इन्फ्राटेक लिमिटेड, कोलकाता
- **लंबाई:** 1.2 किमी
- **कितने पिलर हैं:** 38

### इनका कहना है

निर्माण की शुरूआत में काफी चुनौतियां थीं पर हमारी टीम ने इस बड़े प्रोजेक्ट को साकार कर दिखाया है। आगामी दो-तीन महीनों में हम ब्रिज को रेलवे के हैंडओवर कर देंगे।

**- सागर महाराणा, प्रोजेक्ट मेनेजर, राही**

## ब्यावरा के खुशलपुरा फिल्टर प्लांट की सफाई शुरू

# सीएमओ की निगरानी में एक सप्ताह में कार्य होगा पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




नगरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सीएमओ नगरपालिका इकरार अहमद की निगरानी में खुशलपुरा फिल्टर प्लांट की व्यापक सफाई एवं रखरखाव कार्य की शुरुआत कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार से फिल्टर प्लांट में जमी गंदगी, सिल्ट तथा तकनीकी अवरोधों को हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि जल शोधन प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन सके। नगर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पूरा कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। सफाई कार्य के दौरान तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में जल आपूर्ति में गुणवत्ता और निरंतरता बनी रहे। प्रशासन का कहना है कि इस पहल से क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा। नगरवासियों ने भी इस कार्य का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि फिल्टर प्लांट की नियमित निगरानी और सफाई से पानी की गुणवत्ता में स्थायी सुधार देखने को मिलेगा।

# महाराज ट्रॉफी फुटबॉल कप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया



नगर के पीलाखाल स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर सुबह 10 बजे से महाराज ट्रॉफी फुटबॉल कप का प्रथम वर्ष का सफल आयोजन किया गया जिसमें राजावत क्लब एवं सुभाष क्लब के बीच या फाइनल खेला गया इसमें सुभाष विद्या निकेतन स्कूल क्लब विजेता रही जबकि राजावत क्लब उपविजेता रही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया यहां उपस्थित छात्रों ने भी फुटबॉल खेल का आनंद लिया कुंवर प्रदीप सिंह परमार एवं समस्त समिति द्वारा संचालित किया गया।

# प्रशासन की बड़ी कार्रवाई लखनवास संचालित ऑयल प्लांट किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

तुमडिया गांव बड़ली पर अवैध गतिविधियों और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू किया है।

बुधवार को ब्यावरा एसडीएम गोविन्द दुबे के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने तुमडिया गांव बड़ली गिट्टी मशीन के पास स्थित एक पुराने टायर से तेल निकालने वाले वेस्ट ऑयल प्लांट पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार तहसीलदार दोजीराम अहिरवार ने अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण के लिए प्लांट पर दस्तक दी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने प्लांट मैनेजर से संचालन से संबंधित अनुमति और आवश्यक दस्तावेज मांगे। लंबे समय तक इंतजार करने के बाद भी मैनेजर प्लांट से जुड़ा कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।

## सारंगपुर विकास खंड के शासकीय स्कूलों की पढ़ाई भगवान भरोसे

# 11 बजे ऑनलाइन अटेंडेंस लेकर घर निकल जाते हैं शिक्षक, फिर 4 बजे पहुंचते हैं स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विकास खंड के शासकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर कागजों में सिमट रहा है शिक्षा व्यवस्था लगातार सवालों के घेरे में है कुछ विद्यालयों को छोड़ दिया जाय तो विकास खंड के अनेक ऐसे विद्यालय है जिसमें शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, दिखावे के लिए स्कूल आकर नदारत हो जाते जिससे बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि कुछ शिक्षक सुबह 11 बजे ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराकर स्कूल से घर निकल जाते हैं और औपचारिकता निभाने के लिए शाम करीब 4 बजे पुनः विद्यालय पहुंच जाते हैं। कुछ शिक्षक तो मीटिंग या जानकारी का बहाना लेकर आते ही नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षक नदारद रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। विद्यालय



समय पर कैसे खुलते हैं, इसका भी बड़ा सवाल है इधर कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं मिलते। बच्चे घंटों तक शिक्षकों का इंतजार करते रहते हैं। कई बार पूरा दिन बिना पढ़ाई के ही बच्चों को घर लौटना पड़ता है। स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि सरकारी स्कूलों पर ही गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य निर्भर है, लेकिन जब शिक्षक ही नियमित रूप से स्कूल नहीं आएंगे तो बच्चों का भविष्य कैसे संवरेगा।

### जन शिक्षक भी औपचारिकता निभा रहे हैं

स्कूलों के निरीक्षण करने के लिए जन शिक्षक नियुक्त है लेकिन वो भी औपचारिक निभा कर इति श्री कर रहे हे आवश्यकता है कि शिक्षा विभाग नियमित निरीक्षण करे, शिक्षकों की उपस्थिति की सख्ती से निगरानी हो और दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, तभी बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। लगातार निर्देश दे रहे हैं।

### इनका कहना है

अगर लापरवाही मिली तो नियमानुसार कार्यवाही होगी।

**सुरेश वीरमाल,** बीईओ सारंगपुर

# एबीवीपी ने युवा दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नरसिंहगढ़ नगर इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा की। उपस्थित चिकित्सकों ने एबीवीपी की पहल समाजहित में सराहनीय बताया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमन व्यास ने कहा कि युवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में सेवा और सामाजिक दायित्व की भावना को मजबूत करना है। प्रांत कार्यसमिति सदस्य चिराग शुक्ला ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी को सामाजिक चेतना का प्रतीक बताया।

## कॉलेज के आगे से गुमटी का अतिक्रमण हटाया

**गुना।** स्नातक महाविद्यालय कुंभराज के सामने रखी अवैध गुमटी को नगर पालिका द्वारा बुधवार को जेसीबी की मदद से हटाया गया। दरअसल कॉलेज प्राचार्य द्वारा इस संबंध में एसडीएम को लिखित शिकायत की गई थी कि किसी व्यक्ति द्वारा महाविद्यालय के सामने अवैध रूप से घूमटी रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिस पर एसडीएम द्वारा नगर पालिका अधिकारी को गुमटी हटाने हेतु निर्देशित किया गया था। बुधवार को नगर पालिका अधिकारी कुंभराज द्वारा शासकीय महाविद्यालय कुंभराज के सामने रखी गुमटी को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। दरअसल गुमटी रखे होने से मेन रोड पर ब्लैक स्पॉट निर्मित हो गया था।

# नगर परिषद ने शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर परिषद द्वारा नगर परिषद कर्मचारी वार्ड प्रभारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के दल बनाए जाकर नगर के वार्ड 1 से 15 तक डोर टू डोर सर्वे कर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है। नगर परिषद जीरापुर द्वारा किशनगढ़ चैक में वार्ड क्रमांक 1, 2 ,3 के शिविर में आवेदन प्राप्त किए गए इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका



अधिकारी हरिओम शर्मा , उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, राधेश्याम दांगी, ओंकारलाल मंडलोई, कमल भावसार, जितेंद्र तिवारी, कृष्णकांत मुंदड़ा, प्रकाश कुशवाह, मनीष कौशिक, राहुल दांगी , मनोहर दांगी, नीरज मालवीय ,पटवारी जगदीश सिंह चौहान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा गुप्ता, तारा जोनवाल, दीपिका जुलानिया आदि उपस्थित रहे।

## रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर और जिपं सीईओ को भेजा प्रशस्ति-पत्र

**राजगढ़।** गत दिवस जिले के सारंगपुर नगर में वृहद स्तर पर आयोजित हुए युवा संगम (रोजगार मेले) में देश की एक सैकड़ा से अधिक प्रतिष्ठित और जानी मानी कंपनियों ने शिरकत की थी। इन कंपनियों द्वारा जिले के 10 हजारों से अधिक बेरोजगार युवाओं को अपनी फैक्ट्री, कारखानों, दफ्तरों में विभिन्न पदों पर नौकरियां प्रदान की गई। इस युवा संगम में न केवल युवकों बल्कि कईं युवतियों और महिलाओं को भी अहम पदों पर रोजगार पाईं। राजगढ़ जिले में पहली बार आयोजित हुए अपनी तरह के इस अलग ही आयोजन में हजारों बेरोजगारों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने में माध्यम बने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले को रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा ने प्रशस्ति-पत्र प्रेषित किया है। आयुक्त शर्मा ने अधिकारीद्वय के नेतृत्व में किए गए प्रयासों को प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में इसी मनोयोग एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने की अपेक्षा की है। उल्लेखनीय है कि इस युवा संगम में कईं दिव्यांगजनों को भी विभिन्न पदों पर नौकरियां उपलब्ध करवाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया था।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया षटतिला एकादशी पर्व

# खाटू श्याम मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु निकली गई विशाल निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में बुधवार को षटतिला एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों, पुष्पमालाओं और पारंपरिक सजावट से भव्य रूप दिया गया था। ब्यावरा नगर सहित आसपास के गांवों, कस्बों और जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण और आसपास के मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे।इस अवसर पर कई गांवों से भव्य निशान यात्राएं भी निकाली गईं।

# सीएम राइज के विद्यार्थियों ने किया वेदांता हॉस्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



गुरुवार को सीएम राइज विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से वेदांता हॉस्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं, आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों एवं स्वच्छ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के दौरान वेदांता हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ. मिहिका त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य तथा रोगों से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में सही खानपान, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को अस्पताल की विभिन्न इकाइयों, चिकित्सा उपकरणों एवं आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने चिकित्सकीय सेवाओं को नजदीक से देखा और जिज्ञासाओं के समाधान हेतु प्रश्न भी पूछे, जिनका डॉ. त्रिपाठी द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से उत्तर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा भविष्य में सही जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा वेदांता हॉस्पिटल प्रबंधन एवं डॉ. मिहिका त्रिपाठी का आभार व्यक्त किया गया।

## खुजनेर में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन समरसता भोज का आयोजन

# सनातन धर्म संस्कृति व मूल्यों की रक्षा करना हम सबका दायित्व : प्रांत प्रचारक






हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर खुजनेर नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया इस सम्मेलन में नगर के सकल हिन्दू समाज के हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की कार्यक्रम के अंतर्गत एक ऐतिहासिक व भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया, जिसने पूरे नगर को धार्मिक और सांस्कृतिक भगवामय वातावरण से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा झिरी वाले मंदिर से प्रारंभ होकर राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, पुराने थाने मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुँची शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया शोभायात्रा में घोड़े, हाथी, ऊँट पर सवार वीर योद्धाओं के स्वरूप, छत्रपति शिवाजी महाराज, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, श्रीराम-लक्ष्मण की झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा में भाग लिया सम्मेलन के अवसर पर पूरा नगर बंद रहा नगर के सभी समाज प्रमुख एक मंच पर मौजूद रहे ।

### हिन्दू समाज का संगठित स्वरूप ही सभी समस्याओं का स्थाई समाधान

विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने कहा कि हिन्दू समाज की बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए हिन्दू युवाओं को आगे आना होगा समाज में समरसता का भाव जागृत करना होगा तथा पर्यावरण स्वच्छता और संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की संस्कृति और मूल्यों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है । इस अवसर पर बाबा सत्यनारायण मौर्य महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू समाज का संगठित स्वरूप ही सभी समस्याओं का स्थायी समाधान है जब समाज एकजुट होकर कार्य करता है, तभी राष्ट्र और संस्कृति सशक्त होती है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि बाबा सत्यनारायण मौर्य ने सम्मेलन के दौरान अपनी प्रदर्शनी का आयोजन किया।